**आकाशवाणी शिमला**

**31.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- **प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए कल होगा मतदान– सुबह 7 बजे से डाले जाएंगे वोट– निर्वाचन आयोग की तैयारियां पूरी।**
- **प्रदेश में 57 लाख 11 हज़ार 9 सौ 69 मतदाता पंजीकृत– एक हज़ार 2 सौ 54 शतायु मतदाता भी शामिल।**
- **राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष गर्ग की सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील।**
- **लोकसभा चुनाव में 37 जबकि विधानसभा उपचुनाव में 25 प्रत्याशी आजमा रहे हैं अपनी किस्मत।**

**मतदान**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य स्थानों पर पहुंच चुकी है। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि राज्य में कुल 57 लाख 11 हज़ार 9 सौ 69 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 28 लाख 48 हज़ार 3 सौ 26 पुरूष और 27 लाख 97 हज़ार 2 सौ 18 महिला मतदाता शामिल हैं। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव से अब तक प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में 3 लाख 81 हज़ार 8 सौ 15 की बढ़ौतरी हुई है। राज्य में 18 से 19 वर्ष की आयु के मतदाताओं की संख्या एक लाख 71 हज़ार 6 सौ 75 है जबकि एक हज़ार 2 सौ 54 मतदाता ऐसे हैं जो सौ वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं। इसके अलावा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 60 हज़ार 8 सौ 35 है। प्रदेश में 35 थर्ड जेंडर मतदाता भी पंजीकृत है जबकि सर्विस मतदाताओं की संख्या 66 हज़ार 3 सौ 90 है। इन सभी मतदाताओं के लिए प्रदेश भर में 7 हज़ार 9 सौ 92 केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 3 सौ 69 मतदान केन्द्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक एक सौ 18 संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं। प्रदेश में मतदान को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

**प्रत्याशी**

प्रदेश में कल कुल 62 प्रत्याशियों का भाग्य इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में बंद हो जाएगा। इनमें से 37 प्रत्याशी लोकसभा चुनाव जबकि 25 उम्मीदवार 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। हालांकि राज्य में कई छोटे दलों ने भी अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं लेकिन इस बार भी मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही होता दिखाई दे रहा है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर और कांग्रेस के सतपाल रायजादा के बीच है। हमीरपुर संसदीय सीट पर कई छोटी पार्टियों के अलावा 4 निर्दलीय प्रत्याशी भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। ये सीट पिछले कई वर्षों से भाजपा की गढ़ रही है और केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर यहां लगातार पांचवीं बार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने वर्ष 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के अलावा वर्ष 2008 में हुए लोकसभा उपचुनाव में हमीरपुर से जीत हासिल की थी।

उधर कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 10 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा के डॉक्टर राजीव भारद्वाज और कांग्रेस के आनंद शर्मा के बीच है। हालांकि ये दोनों प्रत्याशी पहली बार

लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी सहित तीन निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे हैं।

शिमला संसदीय सीट पर पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें भाजपा के सुरेश कश्यप और कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी के अलावा अन्य दलों के उम्मीदवार भी शामिल हैं।

मंडी संसदीय सीट भी प्रदेश की हॉट सीटों में से एक है। यहां सुप्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है जबकि कांग्रेस पार्टी ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। इस सीट पर हमेशा की तरह इस बार भी मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही होता दिखाई दे रहा है। हालांकि मंडी संसदीय क्षेत्र से कुल 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

प्रदेश में इस बार हो रहे लोकसभा चुनाव की खास बात यह है कि केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और सांसद सुरेश कश्यप के अलावा भाजपा व कांग्रेस ने सभी सीटों पर नए चेहरे चुनाव मैदान में उतारे हैं, जो पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

**मनीष गर्ग**

इस बीच प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और मतदान केन्द्रों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। आकाशवाणी शिमला के समाचार प्रमुख रितेश कपूर से विशेष बातचीत के दौरान मनीष गर्ग ने कहा कि सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में निर्भीक होकर भाग लेना चाहिए।

इस बीच मतदान के दिन कल राज्य के सभी पंजीकृत मतदाताओं के लिए वेतन सहित अवकाश घोषित किया गया है। ये अवकाश राज्य सरकार के सभी कार्यालयों, बोर्डों, निगमों, शिक्षण संस्थानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों सहित दैनिक वेतन भोगियों के लिए भी देय होगा।

**विधानसभा उपचुनाव**

प्रदेश में 6 विधानसभा सीटों पर लोकसभा चुनाव के साथ ही कल वोट डाले जाएंगे। इनमें लाहौल स्पीति, सुजानपुर, धर्मशाला, कुटलैहड़, गगरेट और बड़सर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। लोकसभा चुनाव के अलावा इन सीटों पर होने वाले उपचुनाव पर भी मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। इन सभी 6 सीटों पर भाजपा ने उन नेताओं को अपना प्रत्याशी बनाया है जो पहले कांग्रेस के विधायक थे और पार्टी से बगावत कर भाजपा में शामिल हुए हैं। धर्मशाला विधानसभा सीट पर चार प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के सुधीर शर्मा और कांग्रेस के देवेन्द्र सिंह जग्गी भी शामिल हैं। लाहौल स्पीति विधानसभा सीट पर तिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा ने यहां पूर्व विधायक रवि ठाकुर को अपना प्रत्याशी बनाया है जबकि कांग्रेस की ओर से अनुराधा चुनाव लड़ रही है। भाजपा का टिकट न मिलने से नाराज राम लाल मारकंडा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतर कर मुकाबले को रोचक बना दिया है।

उधर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से 6 प्रत्याशी उपचुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा के राजेन्द्र सिंह राणा और कांग्रेस के रणजीत सिंह राणा के बीच है।

ऊना ज़िले की कुटलैहड़ विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव होने जा रहा है और यहां से चार प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा के देवेन्द्र कुमार भुट्टो और कांग्रेस के विवेक शर्मा के बीच है। इसी प्रकार गगरेट विधानसभा सीट पर कुल 5 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने राकेश कालिया और भाजपा ने चैतन्य शर्मा को उम्मीदवार बनाया है।

उधर बड़सर विधानसभा सीट पर भी तीन उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा के इंद्रदत्त लखनपाल और कांग्रेस के सुभाष चंद के बीच होने की उम्मीद है।

**मतदान केन्द्र**

प्रदेशभर में मतदान के लिए स्थापित किए गए 7 हज़ार 9 सौ 92 मतदान केन्द्रों में से एक सौ 95 मतदान केन्द्रों का संचालन सिर्फ महिलाओं द्वारा किया जाएगा। मतदान प्रक्रिया पूरी करने के लिए इन मतदान केन्द्रों में महिला कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी और सुरक्षा का जिम्मा भी महिला पुलिस कर्मियों का होगा। इसके अलावा 28 मतदान केन्द्र ऐसे हैं जिनका संचालन केवल दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा ही किया जाएगा। इसी प्रकार 54 मतदान केन्द्रों के संचालन का ज़िम्मा युवा कर्मियों को सौंपा गया है। चुनाव आयोग ने प्रदेश में 2 सौ 79 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र घोषित किया है। आदर्श मतदान केन्द्रों में नए व शतायु मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा और उन्हें पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा।

**पोलिंग पार्टियां**

प्रदेश के सभी जिलों के लिए 7 हज़ार 9 सौ 92 पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना कर दी गई हैं। राज्य निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि उन्होंने बताया कि चम्बा जिला के भरमौर विधानसभा क्षेत्र के मैहला खण्ड में पोलिंग पार्टी 15 किलोमीटर, वहीं कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत 'चक्की' मतदान केन्द्र में पोलिंग पार्टी 13 किलोमीटर पैदल चलकर अपने गंतव्य स्थल तक पहुंची। इसके अलावा 'बड़ा–भंगाल' के लिए पोलिंग पार्टी को ई वी एम व अन्य सामग्री के साथ हेलिकॉप्टर से रवाना किया गया।

**'टशीगंग'**

लाहौल–स्पीति जिले के 15 हजार 2 सौ 56 फुट की ऊंचाई पर स्थित विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र 'टशीगंग' में चुनाव तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में चुनावों के लिए तैनात सभी 92 मतदान केंद्रों में पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी राहुल जैन ने कहा कि हर बार इस मतदान केन्द्र पर सौ प्रतिशत वोटिंग होती है और इस बार भी 100 प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि टशीगंग मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र भी है। उन्होंने कहा कि कल जिले में हल्की बर्फवारी होने से यहां अभी भी तापमान शून्य डिग्री सैल्सियस से नीचे चल रहा है और निर्वाचन आयोग के लिए यहां मतदान कराना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। टशीगंग मतदान केंद्र पर कुल 62 मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें 37 पुरूष और 25 महिला मतदाता शामिल हैं।